## CG TET ALL PREVIOUS YEAR QUE. (CDP)
## (EXAM YEAR - 2022)

1. सामाजिक विकास अनिवार्य रूप से एक विषय है-
(a) सामाजिक व्यवस्था की माँगों का अनुपालन
(b) सामाजिक व्यवस्था के उद्देश्यों के साथ स्वयं के उद्देश्यों का एकीकरण
(c) सामाजिक सुरक्षा एवं स्वीकार्यता की उपलब्धि/प्राप्ति
(d) सामाजिक वृत्त का विकास।

2. बी. एफ. स्किन्नर के अनुसार बच्चों में भाषायी विकास निम्नलिखित का परिणाम है-
(a) व्याकरण का प्रशिक्षण
(b) अनुकरण एवं पुनर्बलन
(c) जन्मजात योग्यताएँ
(d) परिपक्वन।

3. अच्छा अधिगम निर्भर करता है-
(a) शिक्षक पर
(b) छात्रों की सक्रिय रुचि पर
(c) अच्छी शिक्षण विधियों पर
(d) शिक्षक सहायक सामग्रियों के न्यायोचित उपयोग पर।

4. वृद्धि एवं विकास को प्रभावित करने वाले कारक हैं-
(a) आनुवंशिकता
(b) भौतिक दशाएँ
(c) सामाजिक एवं सांस्कृतिक दशाएँ
(d) उपरोक्त सभी।

5. मिट्टी से खिलौने बनाने के दौरान एक बालिका को अपने कौन से कौशलों को विकास करने का अवसर मिलेगा ?
(a) स्थूल गत्यात्मक कौशल
(b) सूक्ष्म क्रियात्मक कौशल
(c) सूक्ष्म गत्यात्मक कौशल
(d) उपरोक्त सभी।

6. 'मूर्त परिस्थितियों के माध्यम से समझने लग जाना' निम्नलिखित में से किस अवस्था से संबंधित है ?
(a) बाल्यावस्था में सामाजिक विकास
(b) बाल्यावस्था में बौद्धिक विकास
(c) किशोरावस्था में सांवेगिक विकास
(d) किशोरावस्था में बौद्धिक विकास।

7. पाठ्यक्रम के निर्माण का आधार है-
(a) शिक्षा का उद्देश्य
(b) सामाजिक आवश्यकताएँ
(c) उपरोक्त (a) व (b)
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं।

8. अधिगम के निम्नतम स्वरूप का उदाहरण है-
(a) मूल प्रवृत्तिक व्यवहार
(b) अनुबन्धित अनुक्रिया
(c) अंतः प्रज्ञात्मक व्यवहार
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं।

Knowledge Capsule

9. कक्षा-शिक्षण-अधिगम अंतः क्रियाओं को सुधारने हेतु निम्नांकित में से कौन-सी रणनीति उत्तर किशोरावस्था के विकास से संबंधित है ?
(a) क्रिया आधारित प्रस्तुति
(b) कक्षा में अनुकरणात्मक कार्य
(c) विचारों के मुक्त आदान-प्रदान के साथ आदर्शीकरण
(d) दत्त वाचन एवं लेखन।

10. सीखने की वह प्रक्रिया जिसमें बच्चा नए ज्ञान को अपने पुराने 'स्कीमा' में शामिल कर लेता है-
(a) समायोजन
(b) आत्मसातीकरण
(c) व्यवस्थापन
(d) संतुलनीकरण

11. 'स्कैफोल्डिंग' से तात्पर्य है वह कार्य जो बालक-
(a) स्वयं आसानी से कर पाता है
(b) मित्रों की मदद से कर पाता है
(c) शिक्षकों की मदद से कर पाता है
(d) स्वयं करने में असमर्थ है।

12. "बच्चे को दिया गया ऐसा कार्य जो उसके स्तर से थोड़ा मुश्किल हो, तो वे बेहतर जुड़ते और सीखते हैं।" लेव वाइगोत्सकी ने उपरोक्त कथन में बच्चों के विकास के किस क्षेत्र को इंगित किया है?
(a) स्कीमा
(b) संभावित विकास का क्षेत्र
(c) वास्तविक विकास का क्षेत्र
(d) समीपस्थ विकास का क्षेत्र।

13. बालक के 'बौद्धिक विकास' से तात्पर्य है-
(a) समझ
(b) कल्पना
(c) तर्क
(d) उपरोक्त सभी।

14. आक्रामकता का कारण सामाजिक हो सकता है, न कि-
(a) मनोवैज्ञानिक
(b) जीववैज्ञानिक
(c) शरीर विज्ञान संबंधी
(d) (b) एवं (c) दोनों

15. निम्न में से किस कथन के समूह से आप पूर्ण सहमत है ?
1. एक कक्षा जिसमें विभिन्न प्रकार के सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक पृष्ठभूमि के बच्चे शामिल है, सभी के अधिगम अनुभवों को बढ़ाना है।
2. बच्चे अपने साथियों से अनेक कौशल सीखते हैं।
3. विकास व वृद्धि एक समान दर से आगे बढ़ता है।
4. अनुबंधन का सिद्धांत समस्या के अचानक समाधान की वकालत करता है।.
(a) कथन 1 और 4
(b) कथन 2 और 3
(c) कथन 1 और 2
(d) कथन 3 और 4

Knowledge Capsule

16. विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों के संदर्भ में क्षति करता है ?

(a) जन्म से विकारयुक्त ऊतक

(b) शरीर के किसी अंग के भाग का ना होना उसकी कार्य क्षमता का कम होना

(c) परिवेश में सामंजस्य स्थापित करने में होन की समस्या

(d) उपरोक्त सभी।

17. एक शिक्षक की शिक्षण प्रक्रिया किस प्रकार के ज्ञान पर केन्द्रित हो ?

(a) आगमनात्मक

(c) (a) और

(b) दोनों।

(b) प्रयोगमूलक

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं।

18. शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के अनुसार कौन-सा कथन सही नहीं है ?

(a) सरकारी शिक्षक स्कूल के अलावा ट्यूशन नहीं ले सकते।

(b) बच्चों की मुफ्त शिक्षा देने की जिम्मेदारी केन्द्र व राज्य की है।

(c) विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिये मुफ्त शिक्षा की उम्र को 14 से बढ़ाकर 18 वर्ष की गई है।

(d) बच्चे अपने उम्न के अनुसार स्कूल में प्रवेश ले सकते हैं।

19. जीन पियाजे के अनुसार किस अवस्था में भाषा योग्यता एवं संप्रेषणशीलता का सर्वाधिक विकास होता है ?

(a) इन्द्रियजनित गामक अवस्था

(b) पूर्व-संक्रियात्मक अवस्था

(c) मूर्त संक्रियात्मक अवस्था

(d) अमूर्त संक्रियात्मक अवस्था।

20. सामाजिक विकास से संबंधित किस चरण में व्यक्ति समूह, समाज और राष्ट्र के वृहत्तर हितों में अपने हित को त्याग सकता है ?

(a) उत्तर बाल्यावस्था

(b) किशोरावस्था

(c) प्रौढ़ावस्था

(d) वृद्धावस्था।

21. कोहलबर्ग के नैतिक विकास के सिद्धांत के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सी अवस्था बालकों के नैतिक विकास की अवस्था नहीं है ?

(a) कानून एवं व्यवस्था अभिविन्यास

(b) स्वकेन्द्रित समाज केंद्रिता अभिमुखता

(c) सामाजिक अनुबंध अभिमुखता

(d) दंड तथा आज्ञापालन अभिमुखता।

22. सीखने की वह प्रक्रिया जिसमें लरनर्स को शुरू में उसके द्वारा प्रदर्शित क्षमताओं से अंतिम अपेक्षित व्यवहार तक ले जाया जाता है-

(a) बैंकिंग माडल

(b) प्रोग्रामिंग माडल

(c) रचनावादी माडल

(d) उपरोक्त सभी।

Knowledge Capsule

23. पियाजे के अनुसार बच्चों के संज्ञानात्मक विकास में मूर्त संक्रियात्मक अवस्था होती है-

(a) 8-15 वर्ष

(b) 7-11 वर्ष

(c) 0-8 वर्ष

(d) 15-18 वर्ष।

24. संज्ञानात्मक विकास का अर्थ है-

(a) व्यक्तिगत विकास

(b) अभियोग्यता का विकास

(c) बच्चे का विकास

(d) शारीरिक कौशल का विकास।

25. रूपा के आँखों की कार्निया सूख गई है और उसे दिखाई देना बंद हो गया है। आप रूपा को किस समूह के अंतर्गत रखकर कार्य करेंगे ?

(a) अपंगता

(b) क्षति

(c) अक्षमता

(d) सामान्य।

26. विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिये समावेशी शिक्षा का प्रयोजन रखा गया है। जिसका मुख्य उद्देश्य है-

(a) कक्षा में सहयोग की भावना बढ़े

(b) उन्हें सहानुभूति का भाव मिल सके

(c) जीवन की सामान्य प्रक्रियाओं से तालमेल बिठाकर सीख सके

(d) उन्हें शिक्षित कर सके।

27. बच्चों में सामाजिक-भावनात्मक संबंध बनाने की कठिनाई की समस्या को एक शिक्षक कैसे पहचाने ?

(a) भिन्न-भिन्न परिस्थितियों में उसके व्यवहार का अवलोकन कर

(b) अनुमान लगाकर

(c) मापकर

(d) पालकों से पूछकर।

28. बाल विकास की किस अवस्था को भाषा सीखने की सर्वोत्तम अवस्था कहा जाता है ?

(a) शैशवावस्था

(b) पूर्व बाल्यावस्था

(c) मध्य बाल्यावस्था

(d) उत्तर बाल्यावस्था ।

29. समाजीकरण की प्रकृति क्या है ?

(a) अचेतन प्रक्रिया

(b) कभी-कभी होने वाली प्रक्रिया

(c) अंतः क्रियात्मक प्रक्रिया

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं।

30. एक शिक्षक विद्यार्थियों को समझाते हैं कि उन्हें दूसरों के दृष्टिकोण से उत्तेजित नहीं होना चाहिए भले ही उनके दृष्टिकोण स्वयं से विपरीत क्यों न हों। वह विद्यार्थियों को किस पक्ष पर ध्यान दे रहा है ?

(a) संज्ञानात्मक विकास

(b) संवेगात्मक विकास

(c) शारीरिक विकास

(d) सामाजिक विकास।

[EXAM YEAR -2019]

Knowledge Capsule

31. एक बालक जिसकी बुद्धिलब्धि 85 है उसे वर्गीकृत किया जाएगा-
(a) सामान्य बुद्धि
(b) श्रेष्ठ बुद्धि
(c) मन्द बुद्धि
(d) सामान्य से अधिक बुद्धि।

32. एक विद्यार्थी जो अर्धवार्षिक परीक्षा में अनुत्तीर्ण हो गया है, आप उसकी मदद कैसे करेंगे ?
(a) कृपांक प्रदान करके
(b) पुनः परीक्षा का आयोजन करके
(c) कठिन अवधारणाओं का पुनः अध्यापन करके
(d) पालकों की व्यक्तिगत अध्यापन की व्यवस्था करने को कहकर।

33. एक बालक जिसकी शिक्षा का प्राप्तियाँ उस स्तर से कम है जिसके वो योग्य है, उसे हम कह सकते हैं।
(a) प्रतिभाशाली बालक
(b) पिछड़ा बालक
(c) अपराधी बालक
(d) विकलांग बालक।

34.यदि बालक में अधिगम अक्षमता का संबंध संवेदन तथा गामक तंत्र में आये दोष से है तो किस प्रोग्राम का प्रयोग किया जाता है?
(a) विट्मेर का साइको एजुकेशनल प्रोग्राम
(b) द प्रेगमैटिक जनरल डाइगोनोस्टिक रिमेडियल एप्रोच
(c) स्ट्रॉस लेहटिनेन-क्रिकशैन्क परसेप्चुअल मोटर प्रोग्राम
(d) कोई भी नहीं।

35. मानसिक विकास पक्ष में हैं -
(a) संवेग
(b) बुद्धि
(c) भाषा
(d) उपरोक्त सभी।

36. 5 वर्ष का बच्चा पहली बार चिड़ियाघर में ऊँट को देखकर कहता है "घोड़ा"। यह उदाहरण संज्ञानात्मक योजना में किस सुधार की प्रक्रिया को प्रदर्शित करता है?
(a) समावेशीकरण
(b) समायोजन
(c) संरक्षण
(d) क्रमिकता।

37. 'बालको की अभिवृद्धि एवं विकास' में अभिवृद्धि शब्द बालकों के व्यक्तित्व के किस पक्ष से संबंधित है?
(a) मानसिक
(b) शारीरिक
(c) चारित्रिक
(d) संवेगात्मक

38. NCF 2005 के अनुसार शिक्षक की भूमिका होनी चाहिए-
(a) अनुज्ञात्मक
(b) प्रामाणिक
(c) सरल
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं।

39. बाल्यावस्था में व्यक्तित्व होता है -
(a) अंतर्मुखी
(b) बहिर्मुखी
(c) उभयमुखी
(d) उपरोक्त सभी।

40. समस्यात्मक बालक से संबंधित कौन सा गुण सही नहीं है ?
(a) चोरी करना
(b) क्रोध प्रकट करना
(c) सामाजिक रूप से समायोजित
(d) झूठ बोलना।

41. एक शिक्षक अपने छात्रों को सीखने के लिए कैसे अभिप्रेरित करेगा ?
(a) अनुशासन द्वारा
(b) प्रश्न पूछकर
(c) जिज्ञासा जगाकर
(d) कहानी लेखन द्वारा।

42. 'बेसिक शिक्षा' या 'नई तालिम' का अन्य नाम है-
(a) अनिवार्य शिक्षा
(b) नई शिक्षा नीति
(c) वर्धा शिक्षा योजना
(d) सर्व शिक्षा अभियान।

43. "किशोरावस्था को सर्वोत्तम प्रकार से परिभाषित करने वाला एक शब्द है 'परिर्वतन'। यह परिवर्तन शारीरिक, सामाजिक एवं मनोवैज्ञानिक है।" यह कथन है -
(a) बिगो एवं हंट का
(b) किलपैट्रिक का
(c) जरशील्ड का
(d) हरलॉक का।

44. एक नवजात अपनी माता के स्पर्श की प्रतिक्रिया में मुस्कुराता है। यह निम्न में से किस प्रक्रिया का उदाहरण है?
(a) संज्ञानात्मक
(b) जैविक
(c) सामाजिक संवेगात्मक
(d) विश्लेषणात्मक

45. निम्नलिखित में से कौन सा कथन शिक्षक की भूमिका के संबंध में सही है ?
(a) शिक्षक को समालोचनात्मक होना चाहिए।
(b) शिक्षक को अच्छे विद्यार्थियों का पक्ष लेना चाहिए।
(c) शिक्षक का विद्यार्थियों के प्रति मित्रवत् दृष्टिकोण होना चाहिए।
(d) शिक्षक को विद्यार्थियों से दूरी बनाकर रखना चाहिए।

46. अकादमिक उत्कृष्टता की माँग के इस दौर में, विद्यालयों में खेलकूद का समावेश है -
(a) समय की बर्बादी
(b) अकादमिक कार्यों से बहुत सा समय ले लेना
(c) फुर्सत अथवा विश्राम (तनाव मुक्ति) के लिए समय देना
(d) व्यक्ति विशेष के समन्वित विकास हेतु आवश्यक है।

47. प्रयास एवं भूल द्वारा सीखने के लिए क्या आवश्यक है?
(a) प्रेरणा
(b) बाधा
(c) निरर्थक प्रतिक्रियाएँ
(d) उपरोक्त सभी।

48. अनुभव के द्वारा व्यवहार में होने वाले परिवर्तन को हम कहते हैं-
(a) उपलब्धि
(b) रूचि
(c) अभिप्रेरणा
(d) सीखना।

49. बालक में मानसिक मंदन की वजह यह हो सकता है -
(a) गर्भाधान के समय क्रियाशील कारण
(b) माता के गर्भ के क्रियाशील कारण
(c) जन्म के बाद किसी दुर्घटना के फलस्वरूप
(d) उपरोक्त सभी।

50. पियाजे के अनुसार बच्चा कब मूर्त चीजों के लिए ज्यादा तार्किक लेकिन अमूर्त विचारों का अभाव की अवस्था में पाया जाता है ?
(a) पूर्व संक्रियात्मक अवस्था
(b) संवेदी पेशीय अवस्था
(c) मूर्त संक्रियात्मक अवस्था
(d) औपचारिक संक्रियात्मक अवस्था।

51. एन.सी.ई.आर.टी. की नवीनतम पाठ्यचर्या की रूपरेखा अस्तित्व में आई-
(a) 2000 में
(b) 2004 में
(c) 2005 में
(d) 2006 में।

52. श्रवणबाधित बच्चों को पढ़ाने के लिए क्या प्रयुक्त की जाती है ?
(a) यंत्र
(b) ब्रेललिपि
(c) सांकेतिक भाषा
(d) उपरोक्त सभी।

53. निम्नलिखित में से कौन सी व्यूहरचना समस्या केन्द्रित है?
(a) प्रायोजना
(b) अन्वेषण
(c) खोज
(d) उपरोक्त सभी।

54. एक 12 वर्षीय बालक के सामाजिक विकास के लिए सर्वोत्तम स्थान है -
(a) आस-पड़ोस
(b) परिवार
(c) खेल का मैदान
(d) विद्यालय।

55. प्रथम किन्डरगार्टन प्रारंभ किया था -
(a) फ्रेडरिक फ्रोबेल ने
(b) बेंजामिन फ्रैंकलिन ने
(c) जोहन पेस्टॉलॉजी ने
(d) डी विट क्लिंटन ने।

56. एक 11 वर्षीय बच्चे से संबंधित कौन सा कथन सही नहीं है ?
(a) समूह में खेलने के लिए अग्रसर रहता है।
(b) उसमें नेतृत्व के गुणों का विकास हो सकता है।
(c) अजनबियों के विरुध चिड़चिड़ापन प्रकट करता है।
(d) उसके व्यवहार पर समूह का प्रभाव होता है।

57. अधिगम अक्षमता किन कारणों से होता है ?
(a) वंशानुगत कारणों
(b) शारीरिक कारणों
(c) वातावरण सम्बन्धी कारणों
(d) उपरोक्त सभी।

Knowledge Capsule

58. विलियम किलपेट्रिक को शिक्षण के किस विधि में योगदान के लिए जाना जाता है ?
(a) व्याख्यान विधि
(b) प्रोजेक्ट विधि
(c) खेल विधि
(d) वैज्ञानिक विधि

59. एक शिक्षक अपने विद्यार्थियों में अच्छी आदतें डालने में कैसे सहायक हो सकता है ?
(a) पाठ्य सहगामी क्रियाओं के आयोजन द्वारा
(b) एक आदर्श के रूप में
(c) पुरस्कार तथा दण्ड के प्रयोग द्वारा
(d) उपरोक्त सभी।

[EXAM YEAR -2017]

60. बच्चों के........ को उनके व्यवहार के चिन्हों जैसे तनाव, बेचैनी और हकलाने से जाना जा सकता है।
(a) बुद्धि
(b) सृजनात्मकता
(c) संवेगों
(d) परिपक्वता।

61. किसी संस्था के पाठ्यक्रम से तात्पर्य है -
(a) संस्था का संपूर्ण कार्यक्रम
(b) संस्था में प्रयुक्त पाठ्यसामग्री
(c) संस्था में प्रयुक्त मूल्यांकन प्रक्रिया
(d) संस्था में प्रयुक्त शिक्षण शास्त्र।

62. मंद श्रवण हानि का स्तर है -
(a) 0-25 डेसीबल
(b) 26-40 डेसीबल
(c) 41-55 डेसीबल
(d) 56-70 डेसीबल।

63. जब एक कीमोथेरापी पर चल रहे मरीज को अस्पताल को देखते ही उल्टी जैसा लगे तब अस्पताल गया है। - हो
(a) यू.आर.
(b) सी.आर.
(c) यू.एस.
(d) सी.एस.

64. विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की शिक्षा के लिए प्रावधान किया जा सकता है-
(a) विशेष शाला के माध्यम से
(b) एकीकृत शिक्षा द्वारा
(c) समावेशी शिक्षा द्वारा
(d) इनमें से कोई नहीं

65. शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के अनुसार वंचित वर्ग के विद्यार्थियों को निकटस्थ प्राथमिक शाला की किस कक्षा के 25% स्थान में प्रवेश दिया जाना चाहिए ?
(a) कक्षा पहली
(b) शाला की प्रथम कक्षा में
(c) शाला की समस्त कक्षाओं में
(d) कक्षा-1 तथा 2 में।

66. शोध यह प्रदर्शित करते हैं कि सामान्य किशोर तीन प्रकार की समस्याओं का अनुभव करते हैं। निम्न में कौन-सी उनमें से एक नहीं है ?
(a) पैतृक अन्तर्द्वंद्व
(b) मिजाज परिवर्तन,
(c) आत्मीयता का भय
(d) जोखिम लेखा

Knowledge Capsule

67. निम्नलिखित में से किस अवस्था में शब्दों को दोहराने की प्रवृत्ति विशेष रूप से पाई जाती है ?

(a) शैशवावस्था

(b) बाल्यावस्था

(c) किशोरावस्था

(d) प्रौढ़ावस्था।

68. पियाजे के सिद्धान्त में पराधीन............. के नैतिकता दौरान दिखाई पड़ती है।

(a) 1 से 4 वर्ष की उम्र

(b) 4 से 7 वर्ष की उम्र

(c) 7 से 10 वर्ष की उम्र

(d) 10 वर्ष के आगे।

69. किशोर जोखिमपूर्ण व्यवहारों में भाग ले सकते हैं क्योंकि वे -

(a) ऐसे व्यवहारों में जुड़ी हुई जोखिम की मात्रा का न्यूनानुमान करते हैं।

(b) केवल आमोद-प्रमोद की परवाह करते हैं।

(c) अपनी किसी भी गतिविधियों के बारे में तार्किक रूप से सोच नहीं पाते।

(d) वयस्कों के समान परिणामों के प्रति निरापद व जोखिम का न्यूनानुमान करने को प्रवृत्त होते हैं।

70. आत्मसातन व समंजन में मुख्य अंतर है कि-

(a) आत्मसातन वर्तमान ढाँचे का उपयोग है, जबकि समंजन नये ढाँचे का सृजन है।

(b) समंजन वर्तमान ढाँचे का उपयोग है, जबकि आत्मसातन नये ढाँचे का सृजन है।

(c) आत्मसातन समंजन के बिना नहीं हो सकता।

(d) समंजन आत्मसातन की तुलना में जल्दी प्राप्त होता है।

71. पूर्वसंक्रियात्मक चिंतन की विशेषता है-

(a) केन्द्रिता

(b) अविनाशिता

(c) क्षैतिज 'डिक्लेज'

(d) ए.बी. त्रुटि।

72. तीन माह की अवस्था के प्रारम्भिक संवेग............ हैं।

(a) प्रसन्नता, उदासी, घृणा

(b) प्रसन्नता, उदासी, परानुभूति

(c) प्रसन्नता, घृणा, ईर्ष्या

(d) उदासी, घृणा, गर्व।

73. विद्यार्थियों में वैयक्तिक भिन्नता होती है अतः शिक्षकों को चाहिए कि -

(a) सीखने की एक समान गति पर जोर दें।

(b) परिक्षाओं की संख्या में वृद्धि करें।

(c) कठोर अनुशासन का पालन करें।

(d) सीखने के विविध अनुभव उपलब्ध कराएँ।

74. कल्पना करें आपका कुत्ता, जब भी आप रेफ्रिजरेटर का दरवाजा खोलते हैं, लार बहाता है। यदि आप उसके इस व्यवहार को अधिगम के सिद्धांत का उपयोग करते हुए समाप्त करना चाहते है तो आप-

(a) रेफ्रिजरेटर का दरवाजा खोलने पर कभी-कभी कुत्ते को भोजने देंगे।

(b) यदि कुत्ता भौंकता है तो उसे रेफ्रिजरेटर से कुछ देंगे।

(c) रेफ्रिजरेटर का दरवाजा बार-बार खालेंगे परंतु कुत्ते को कभी भी भोजन नहीं देंगे।

(d) बाथरूम में पड़े भोजन को देकर कुत्ते की पुरस्कृत करेंगे।

75. किशोरावस्था की विशेषताओं को सर्वोत्तम रूप से व्यक्त करने वाला एक शब्द है -
(a) विकास
(b) परिर्वतन
(c) समायोजन
(d) अस्थिरता।

76. प्रकृक्तिवादियों के अनुसार विकास में प्रमुख भूमिका होती है
(a) अनुवांशिकी की
(b) पालन की
(c) अनुवांशिकी तथा वातावरण दोनों की
(d) अनुवांशिकी तथा पालन की अंतःक्रिया की।

77. छात्रों का एक समूह अन्य छात्रों को परेशान करता हुआ पाया गया। आपकी प्रतिक्रिया क्या होनी चाहिए?
(a) छात्रों को दण्डित करना
(b) पालकों को लाने के लिए भेजना
(c) छात्रों को व्यक्तिगत तौर पर परामर्श देना
(d) उन्हें कड़ी चेतावनी देना।

78. जब एक पीपल का पौधा बढ़कर वृक्ष बनता है तब वह अधिक बड़ा पीपल बन जाता है। यह मत प्रदर्शित करता है विकास की ............को -
(a) विच्छिन्नता
(b) निरंतरता
(c) विच्छिन्नता तथा निरंतरता दोनों
(d) कभी विच्छित्रता, कभी निरंतरता।

79. राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2005 में निम्न में से किस परीक्षा संबंधी सुधारों को सुझाया गया है ?
(a) कक्षा X की परीक्षा ऐच्छिक
(b) प्रतियोगी प्रवेश परीक्षा ऐच्छिक
(c) कक्षा V की परीक्षा बोर्ड परीक्षा
(d) कक्षा X तक कोई परीक्षा नहीं।

80. सक्रिय अनुबन्धन सिद्धान्त को कहते हैं -
(a) उद्दीपन अनुक्रिया (S - R)
(b) अनुक्रिया उद्दीपन (R-S)
(c) (A) तथा (B) दोनों उत्तर
(d) उद्दीपन अनुक्रिया पुनर्बलन (SR-S2)

81. वायगोत्सकी के संज्ञानात्मक विकास के सिद्धांत में 'स्केफोल्डिंग' का अर्थ -
(a) ऐसे कार्यों की श्रृंखला जो बहुत कठिन है
(b) सहायता के स्तर को बदलना।
(c) अधिक निपुण साथियों का एक शिक्षक के रूप में उपयोग करना।
(d) बच्चों के जेड.डी.पी. को प्रभावशाली तरीके से मापन करना।

82. शिशुओं और छोटे बच्चों की समस्याओं के लिए उपयुक्त विधि कौन सी है ?
(a) सर्वे
(b) व्यक्तिगत अध्ययन
(c) मनोविश्लेषण
(d) अवलोकन।

83. एम.आर.आई की एक प्रक्रिया है।
(a) तंत्रिका प्रतिबिम्ब
(b) 'पेथोलॉजी'
(c) 'सोनोग्राफी'
(d) एक्स-किरण

84, उत्तराबाल्य अवस्था में बच्चे किन भौतिक इकाई के परिवर्तन को समझते हैं ?

(a) मात्रा

(b) मात्रा एवं अंक (संख्या)

(c) अंक (संख्या)

(d) मात्रा, अंक (संख्या), क्षेत्र।

85. क्रियात्मक विकास का मस्तकाधोमुखी नियम विकास को बताता है -

(a) पैर के अंगूठे से मस्तक तक

(b) मस्तक से पैर के अंगूठे तक

(c) मेरुदंड से हथेली की अंगुलियों तक

(d) हथेली की अंगुलियों से मेरुदंड तक।

86. अभिवृद्धि का संबंध बालक के व्यक्तित्व के किस पहलू से है ?

(a) मानसिक

(b) शारीरिक

(c) चारित्रिक

(d) भावात्मक।

87. निम्नलिखित में से कौन-सा बाल्यावस्था की प्रमुख विशेषता नहीं है ?

(a) शारीरिक व मानसिक स्थिरता

(b) वास्तविक जगत से संबंध

(c) दूसरों पर निर्भरता

(d) रचनात्मक कार्यों में आनंद।

88. संज्ञानात्मक अधिगम एवं नैमित्तिक अनुबंधन में मुख्य अंतर यह है कि –

(a) नैमित्तिक अनुबंधन केवल अमानुष जानवरों पर क्रियाशील होता है।

(b) संज्ञानात्मक अधिगम में प्रोत्साहन की आवश्यकता नहीं होती।

(c) संज्ञानात्मक अधिगम एक मानवीय घटना है।

(d) संज्ञानात्मक अधिगम व नैमित्तिक अनुबंधन में कोई महत्वपूर्ण अंतर नहीं है।

89. यह धारणा कि, किशोर तूफान व तनाव की अवधि का अनुभव करते हैं, है-

(a) सभी किशोरों के लिए सत्य

(b) कुछ कशोरों के लिए सत्य

(c) असत्य, अधिकांश शोध के अनुसार

(d) असत्य, क्योंकि अधिकांश किशोर अप्रासंगिक संवेग थोड़ी मात्रा में प्रदर्शित करते हैं।

[EXAM YEAR-2016]

90. बोबो गुड़िया के साथ बान्दुरा के अध्ययन में बच्चे एक वयस्क के व्यवहार का प्रेक्षण कर अत्यधिक प्रभावित होते हैं। किस स्थिति ने बच्चों के प्रेक्षणात्मक अधिगम को और अधिक प्रभावशाली बनाया होता ?

(a) यदि 'मॉडल' की सामाजिक स्थिति उच्च होती।

(b) यदि जब बोबो गुड़िया को मारते समय 'मॉडल' गुस्सा हो जाता।

(c) यदि बच्चों ने 'मॉडल' पर कम ध्यान दिया होता।

(d) यदि बच्चों ने पहले कभी बोबो गुड़िया नहीं देखी होती।

Knowledge Capsules

91.पियाजे के संज्ञानात्मक विकास के चार चरणों का सही क्रम है-
(a) संवेदी क्रियात्मक, औपचारिक संक्रियात्मक पूर्व संक्रियात्मक, स्थूल संक्रियात्मक
(b) पूर्व संक्रियात्मक, स्थूल संक्रियात्मक, संवेदी क्रियात्मक, औपचारिक संक्रियात्मक
(c) संवैदी क्रियात्मक, पूर्व संक्रियात्मक, स्थूल संक्रियात्मक, औपचारिक संक्रियात्मक
(d) पूर्व संक्रियात्मक, औपचारिक संक्रियात्मक, स्थूल संक्रियात्मक, संवेदी क्रियात्मक।

92. दृश्य-स्थानिक दुष्क्रिया एक अपंगता है।
(a) मानसिक
(b) अधिगम
(c) शारीरिक
(d) सामाजिक

93. प्राथमिक संवेग हैं-
(a) गर्व, शर्म, सहानुभूति
(b) आश्चर्य, भय, गुस्सा
(c) गर्व, भय, गलानि
(d) शर्म, गुस्सा, सहानुभूति।

94. विशिष्ट बालक कौन हैं ?
(a) शारीरिक रूप से विकलांग
(b) मानसिक मंद
(c) जिनकी शारीरिक विशेषताएँ अथवा सीखने की क्षमता सामान्यों से भिन है
(d) जो जोखिम पर हैं।

95. आई.ए.टी. शिक्षकों का एक समूह है जो-
(a) व्यक्तिगत विकलांग छात्र की पात्रता से सम्बन्धित समस्या के हल में नियमित शिक्षाविदों की सहायता करता है
(b) विकलांग बच्चों के पाठ्यक्रम को विकसित करने में सहायता करता है
(c) विशिष्ट बच्चों को पढ़ाता है
(d) सामान्य बच्चों को पढ़ाता है।

96. आई.सी.डी. एस. कार्यक्रम सभी बच्चों के लिए उपलब्ध है। के आयु समूह के
(a) 0-6 वर्ष
(b)6-10 वर्ष
(c) 0-10 वर्ष
(d) 10 वर्ष के ऊपर।

97. निम्नलिखित में से कौन सीखने का अर्जन नहीं है ?
(a) आदत
(b) ज्ञान
(c) परिपक्वता
(d) अभिवृत्ति।

98. बालकों में शारीरिक तथा गत्यात्मक विकास की दिशा होती है-
(a) सिफेल्लोकॉल
(b) प्रोक्सिमोडिस्टल
(c) (a) तथा (b) दोनों
(d) निश्चित नहीं।

Knowledge Capsule

99. सीखने की प्रक्रिया होती है-
(a) सिर्फ कक्षा कक्ष में
(b) शाला के अन्दर
(c) शाला के बाहर
(d) शाला के अन्दर प्रथा कहर दोनों जगह

100. Y गुणसूत्र में...........नामक जीन होता है जो एक रासायनिक पदार्थ उत्पादित करता है जिसके कारण युग्मनज का विकास पर रूप में होता है।
(a) एम.वाय.आर.
(b) आर. एस. वाय.
(c) एस और वाय.
(d) आर.वाय.एस. ।

101. जन्मपूर्व विकास का सही क्रम है-
(a) युग्मनज, भ्रूण, गर्भस्थशिशु
(b) भ्रूण, गर्भस्थशिशु, युग्मनज
(c) युग्मनज, गर्भस्थशिशु, भ्रूण
(d) गर्भस्थशिशु, भ्रूण, युग्मनज।

102. मानसिक मंद बच्चों के शिक्षण में निम्न चार नियमों में से किसे नहीं अपनाना चाहिए ?
(a) साधारण से जटिल
(b) मूर्त से अमूर्त
(c) पूर्ण से अंश
(d) केवल साधारण या मूर्त।

103. उत्तर बाल्यावस्था में बालक भौतिक वस्तुओं के किस तत्व में परिवर्तन को समझने लगते हैं ?
(a) सिर्फ संख्या
(b) सिर्फ द्रव्यमान
(c) सिर्फ द्रव्यमान और संख्या
(d) द्रव्यमान, संख्या और क्षेत्र।

104. एक बच्ची जो कहती है कि चोरी करना गलत है क्योंकि यह पकड़ी जा सकती है। वह है कोलबर्ग की अवस्था-
(a) सजा तथा आज्ञाकारिता (चरण-1)
(b) व्यक्ति केन्द्रित, प्रयोजन तथा विनिमय (चरण-2)
(c) अच्छ लड़का या अच्छे लड़की (चरण-3)
(d) अधिकार तथा सामाजिक व्यवस्था बनाना(चरण4)

105. "मानसिक मंदता से तात्पर्य महत्वपूर्ण रूप से सामान्य से कम बौद्धिक प्रकार्यता से है जो सहसामयिक रूप से जुड़ी या परिणामस्वरूप समायोजन व्यवहार है जो विकासात्मक अवस्था में प्रदर्शित होती है।" यह परिभाषा द्वारा दी गई।
(a) एपीए
(b) एम.सी.आई.
(c) डी. आर. डी. भी.
(d) ए.ए.एम.आर.

106. 'टेरेटोजन' एक बाह्य एजेन्ट जैसे एक रसायन, वायरस अथवा एक प्रकार का विकिरण है जो विपरीत रूप से................. के विकास को प्रभावित कर सकता है।
(a) केवल केन्द्रीय तन्त्रिका तन्त्र
(b) केवल गर्भस्थशिशु
(c) युग्मनज, भ्रूण व गर्भस्थशिशु
(d) केवल भ्रूण व गर्भस्थशिशु।

107. डिसलेक्सिया एकको अक्षमता है।
(a) पढ़ने
(b) लिखने
(c) पढ़ने व लिखने
(d) गणित में कठिनाई।

108. किस अथवा में शारीरिक, मानसिक एवं संवेगात्मक परिवर्तन शीघ्र होते हैं ?
(a) किशोरावस्था में
(b) बाल्यावस्था में
(c) वृद्धावस्था में
(d) प्रौढ़ावस्था में।

109. प्रकृक्ति व पोषण विकास को कैसे नियन्त्रित करते हैं ?
(a) जन्म तक प्रकृति ज्यादा महत्वपूर्ण होती है, उसके पश्चात् पोषण की भूमिका होती है
(b) पूरे मानव विकास के दौरान प्रकृति ज्यादा महत्वपूर्ण होती है
(c) प्रकृक्ति केवल गर्भाधान व जन्मपूर्व समय में महत्वपूर्ण होती है
(d) प्रकृति व पोषण गर्भावस्था से लेकर विकास को नियन्त्रित करने में अंतःक्रिया करते हैं।

110. ऊषा परिवेश की नई विशेषताओं को अपने चिन्तन में सम्मिलित करने, विद्यमान स्कीम में संशोधन कर रही है। वह कर रही है-
(a) व्यवस्थापन
(b) समावेशीकरण
(c) समायोजन
(d) पहचान।

111. एक बड़ा बच्चा छोटे बच्चे को शब्द पहेली पूरा करने में सहायता कर रहा है। बड़ा बच्चा कहता है-"रुक एक समय में एक शब्द ही भरो।" बड़ा बच्चा -
(a) रटने में छोटे बच्चे की मदद कर रहा है
(b) समझने में छोटे बच्चे की मदद कर रहा है
(c) चर्चा के माध्यम से छोटे बच्चे की मदद कर रहा है
(d) स्केफोल्डिंग कर रहा है।

112. एक व्यक्ति के संवेगों की पहचान होती है-
(a) आनन्द एवं सुख से
(b) आत्मगौरव से
(c) वैयक्तिक भिन्नताओं से
(d) उपरोक्त सभी से।

113. जीवन का वह काल जब शरीर में प्रजनन परिपक्वता सम्बन्धी परिवर्तन होते हैं कहलाता है-
(a) प्रौढ़ावस्था
(b) किशोरावस्था
(c) बाल्यावस्था
(d) शैशवावस्था।

114. एरिक्सन के अनुसार जन्म से लेकर एक वर्ष की आयु के मध्य की अवस्था सम्बन्धित है-
(a) स्वायत्तता बनाम शर्म से
(b) पहल बनाम अपराध बोध से
(c) विश्वास बनाम अविश्वास से
(d) पहचान बनाम पहचान भ्रांति से।

115. शिक्षण योग्य बच्चों की बुद्धिलब्धि होती है।
(a) 90 से 110 तक
(b) 50 या 75 से 90 तक
(c) 20 से 49 तक
(d) 20 से नीचे।

116. पढ़ने व लिखने के लिए सम्प्रेषण की व्यवस्था जो कागज पर उभरे हुए बिन्दुओं का उपयोग करती है, के नाम से जानी जाती है।
(a) ओ.सी.आर. साधन
(b) बेल
(c) तकनीकी सहायक यन्त्र
(d) प्रहस्तन व स्पर्शीय सहायक यन्त्र।

Knowledge Capsule

117. निम्नलिखित में कौन सूक्ष्म क्रियात्मक कौशल नहीं है-

(a) वस्तु को पकड़ना

(b) कूदना

(c) बटन लगाना

(d) भोजन करना।

118. निम्नलिखित में से कौन भावनात्मक लगाव को दर्शाता है-

(a) चलना सीखना

(b) भाषा का विकास

(c) भोजन करना सीखना

(d) अलग होने की घबराहट

119. नवजात शिशु की सांवेदिक क्षमताओं पर किये गये शोध बताते हैं कि-

(a) नवजात शिशु के लिए जगत संवेदनाओं का एक पेचीदा घालमेल है

(b) नवजात शिशु कई चीजें कर सकता है जैसे- आवाज, रंग व गंध को पहचानना

(c) नवजात शिशु की दृष्टि एक वयस्क की दृष्टि जितनी विकसित होती है

(d) जन्म के साथ केवल सुनने की शक्ति ही पूर्णः विकसित रहती है।

120. लता जानती है कि पीले और नीले रंग को मिलाने पर हरा रंग प्राप्त होता है। जब उससे पूछा गया कि नीले और पीले रंग को मिलाने पर कौन-सा रंग प्राप्त होगा, वह उत्तर नहीं दे सकी। उसकी सोच में कमी है-

(a) संरक्षण की

(b) उत्क्रमणीयता की

(c) जादुई सोच की

(d) स्पष्टता की।

## [EXAM YEAR - 2014]

121. डिस्लैक्सिया का सम्बन्ध है-

(a) पढ़ने की अक्षमता से

(b) लिखने की अक्षमता से

(c) आंकिक अक्षमता से

(d) तार्किक अक्षमता से।

122. बच्चों को सीखने हेतु अभिप्रेरित करने के लिए शिक्षक को बढ़ावा देना चाहिए-

(a) प्रतिस्पर्द्धा

(b) कक्षा में प्रथम आने वाले बच्चे को पुरस्कृत करके

(c) सीखने हेतु उचित स्थिति और वातावरण का सृजन

(d) कक्षा में प्रतिभाशाली बच्चों की प्रशंसा करके।

123. निम्न में से कौन-सा/से अच्छे अनुशासन के लिए मुख्य तत्व है/हैं ?

I. कुशल मुख्याध्यापक

II. स्कूल का स्वस्थ वातावरण

III. आदर्श अध्यापक

IV. पुरस्कार और दण्ड।

(a) I, II, IV

(b) केवल II

(c) I एवं III

(d) ये सभी

124. एक आदर्श अध्यापक में पाया जाने वाला गुण है-

(a) लोकतन्त्रात्मक दृष्टिकोण

(b) विषय-वस्तु पर अधिकार

(c) बाल मनोविज्ञान का ज्ञान

(d) उपरोक्त सभी

Knowledge Capsule

125. "पिछड़ा बालक वह है, जो अपने पाठशाली जीवन के मध्य (10-11 वर्ष) में अपनी आयु में अनुरूप सामान्य कक्षा से नीचे की कक्षा का कार्य न कर सके।" यह कथन किसका है ?

(a) सिरिल बर्ट

(b) टर्मन

(c) टेलर

(d) मारटिस

126. आपकी कक्षा में एक बच्चा रोज आपको परेशान करने के लिए अप्रासंगिक प्रश्न पूछता है। आप क्या करेंगे ?

(a) प्रधानाचार्य से शिकायत करेंगे

(b) उसे डॉटंगे

(c) उससे बातचीत करेंगे

(d) उसके माता-पिता से शिकायत करेंगे।

127. पियाजे को कौन-सी अवस्था का सम्बन्ध अमूर्त एवं तार्किक चिन्तन से है?

(a) संवेदीगामक अवस्था

(b) सक्रियात्मक अवस्था

(c) अमूर्त सक्रियात्मक अवस्था

(d) मूर्त संक्रियात्मक अवस्था

128. एन सी एफ, 2005 (NCF, 2005) की संस्तुतियों के अनुसार कक्षा एक एवं कक्षा दो के विद्यार्थियों के लिए मूल्यांकन का तरीका होना चाहिए-

(a) लिखित परीक्षण के आधार पर

(b) मौखिक परीक्षण के आधार पर

(c) लिखित एवं मौखिक परीक्षण के आधार पर

(d) प्रेक्षण के आधार पर

129. संस्कृति पर शिक्षा का क्या प्रभाव पड़ता है ?

(a) संस्कृक्ति की निरन्तरता की बनाए रखना

(b) संस्कृति के हस्तान्तरण में सहायता करना

(c) संस्कृति का परिष्करण

(d) उपरोक्त सभी

130. कोमल शिल्प उपागम सम्बन्धित है-

(a) रेडियो से

(b) दूरदर्शन से

(c) कम्प्यूटर से

(d) मनोवैज्ञानिक सिद्धान्तों के अनुप्रयोग से

131. एक शिक्षिका का भावनात्मक बुद्धिलब्धांक ऊँचा है। इसका तात्पर्य है कि-

(a) वह उच्च बुद्धि वाली है

(b) वह उच्च अनुशासनप्रिय है

(c) वह हास-परिहास वाली है

(d) वह सन्तुलित व्यवहार रखती है

132. निम्न में से वस्तुनिष्ठ परीक्षणों के गुण के सम्बन्ध में सही कथन है

1. इनका अंकन शीघ्रता एवं सुगमता से किया जा सकता है।

II. ये परीक्षण को के व्यक्तिगत प्रभाव से प्रभावित नही होते हैं।

III. वस्तुनिष्ठता के कारण ये अधिक विश्वसनीय एवं वैध होते हैं

IV. उपरोक्त में से कोई नहीं।

(a) केवल 1

(b) I, II एवं III

(c) केवल IV

(d) II एवं III

133. विद्यालय का कार्य होता है-
(a) संस्कृति का संरक्षण
(b) संस्कृति का परिष्करण
(c) संस्कृति के नये प्रतिरूपों का निर्माण
(d) उपरोक्त सभी।

134. सामाजिक परिवर्तन का सर्वाधिक कार्यकारी कारक है-
(a) धर्म
(b) शिक्षा
(c) सरकार
(d) जाति।

135. 'राष्ट्रीय दृष्टि बाधितार्थ संस्थान (NIVH) स्थित है-
(a) शिमला में
(b) कोलकाता में
(c) देहरादून में
(d) दिल्ली में

136. शिक्षा की प्रक्रिया के अंग होते हैं-
(a) शिक्षक
(b) शिक्षार्थी
(c) पाठ्यक्रम
(d) ये सभी

137. प्रभावी और स्थायी शिक्षा ग्रहण करने के लिए विद्यार्थी के पास होना चाहिए -
( a) केवल शिक्षा प्राप्त करने के अवसर
(b) योग्यता और अभिप्रेरणा का वांछित स्तर
(c) केवल उपयुक्त बौद्धिक स्तर
(d) केवल सीखने की योग्यता

138. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए-

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| A. रिपब्लिक | 1. जॉन डीवी |
| B एमिल एण्ड एजुकेशन | 2दयानन्दसरस्वती |
| C दि स्कूल एण्ड सोसायटी | 3. प्लेटो |
| D संध्या विधि | 4. रूसो |

कूट

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (b) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (c) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (d) | 1 | 2 | 3 | 4 |

139. 'खेल शिक्षण विधि' के प्रतिपादक कौन हैं ?
(a) सुकरात
(b) फ्रोबेल
(c) किलपैट्रिक
(d) अरस्तू

140. सिरिल बर्ट के अनुसार पिछड़े बालकों की बुद्धिलब्धि होती है-
(a) 120 से अधिक
(b) 85 से कम
(c) 120 से कम
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

141. "प्रायः लड़कियाँ गणित में कमजोर होती हैं" यह-
(a) अनुसन्धान आधारित धारणा है
(b) लैंगिक पूर्वाग्रह पर आधारित धारणा है
(c) सत्य धारणा है
(d) उपरोक्त सभी

Knowledge capsule

142. प्रतिभाशाली बालकों में निम्न विशेषता होती है-
(a) अधिक महत्वाकांक्षा
(b) बुद्धिलब्धि 110 से अधिक
(c) विस्तृत शब्दकोष
(d) ये सभी

143. सृजनवाद में-
(a) बच्चे सीखने की प्रक्रिया में निष्क्रिय रूप से प्रतिभाग करते हैं
(b) शिक्षा शिक्षक केन्द्रित होती है
(c) शिक्षा बाल केन्द्रित होती है
(d) शिक्षा व्यवहारवादी होती है

144. निम्नलिखित में से कौन-सी परिस्थिति में बच्चे को संवेगात्मक एवं सामाजिक विकास अच्छे से होगा ?
(a) जब बच्चे को महत्वपूर्ण माना जाए, उसकी भावनाओं का सम्मान किया जाए
(b) बच्चे को अधिक-से-अधिक पढ़ने को कहा जाए
(c) बच्चे के कक्षा में अच्छे अंक आए
(d) जब शिक्षक बच्चों को उनके बौद्धिक स्तर के अनुसार पढ़ाए

145. बच्चों में अच्छे चरित्र के निर्माण के लिए-
(a) पाठ्य-पुस्तकों में चरित्र निर्माण सम्बन्धी पाठ होने चाहिए
(b) चरित्र-निर्माण के लिए व्याख्यान दिए जाने चाहिए
(c) कक्षा-कक्ष गतिविधि इस प्रकार से हो कि बच्चों को चरित्र निर्माण में सहायता मिल सके
(d) महापुरुषों की जीवनी बच्चों को पढ़ाई जानी चाहिए

146. भारत के शैक्षिक इतिहास में किसने प्राथमिक शिक्षा का मौलिक अधिकार सम्बन्धी बिल, धारा सभा/इम्पीरियल काउन्सिल में प्रस्तुत किया था ?
(a) कपिल सिब्बल
(b) जवाहरलाल नेहरू
(c) गोपालकृष्ण गोखले
(d) अब्दुल कलाम आजाद

147. मूल्यांकन से अभिप्राय है-
(a) छात्रों की आवश्यकता का पता लगाना
(b) छात्रों की बुद्धि का पता लगाना
(c) छात्रों के अधिगम की सफलता व असफलता का अध्ययन करना
(d) स्वास्थ्य परीक्षण करना

148. बेसिक शिक्षा हेतु महात्मा गाँधी ने किस पाठ्यक्रम पर बल दिया है ?
(a) नृत्यकला केन्द्रित
(b) हस्तकला केन्द्रित
(c) पुस्तकला केन्द्रित
(d) संगीतकला केन्द्रित

149. छात्रों को 'ठीक, शबाश, बहुत अच्छा' कहना है-
(a) शाब्दिक पुनर्बलन
(b) अशाब्दिक पुनर्बलन
(c) सकारात्मक शाब्दिक पुनर्बलन
(d) नकारात्मक शाब्दिक पुनर्बलन

150. निम्न में से कौन श्रव्य दृश्य सामग्री का उद्देश्य है?


Knowledge Capsule

1. शिक्षण को प्रभावशाली बनाना
II. छात्रों में सृजनात्मकता उत्पन्न करना
III. छात्रों को क्रियाशील बनाना
IV. विषय-वस्तु से अरुचि उत्पन्न करना
(a) I, II एव III
(b) I एवं IV
(c) I, III एवं IV
(d) II, III एवं IV.

## [EXAM YEAR - 2012]

151. सीखने की प्रोजेक्ट विधि किस अवस्था के लिए उपयोगी है?
(a) बाल्यावस्था
(b) पूर्व बाल्यावस्था
(c) किशोरावस्था
(d) उपरोक्त सभी

152. किस मनोवैज्ञानिक के अनुसार " सीखने का मतलब ज्ञान निर्माण करना है"
(a) स्किनर
(b) पियाजे
(c) थार्नडाइक
(d) लेव वाइगॉत्स्की

153. मूल्यांकन किया जाना चाहिए-
(a) मूल्यांकन से बच्चे पढ़ेगे।
(b) पता लगता है कि बच्चों की उपलब्धि का
(c) बच्चों के सीखने के स्तर का ज्ञान होता है
(d) शिक्षकों की उपलब्धि का पता लगता है

154. एक बच्चे की मानसिक आयु 12 वर्ष है एवं वास्तविक आयु 10 वर्ष है तो उसकी बुद्धि लब्धि क्या होगी-
(a) 110
(b) 100
(c) 120
(d) 83

155. परिपक्वता का संबंध है-
(a) विकास
(b) बुद्धि
(c) सृजनात्मकता
(d) रुचि

156. अधिगम का व्यवहारिक सिद्धान्त निम्न है-
(a) सम्बद्ध प्रतिक्रिया का सिद्धान्त
(b) स्किनर का क्रिया प्रसूत अधिगम का सिद्धान्त
(c) प्रबलन सिद्धान्त
(d) उपरोक्त सभी

157. शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 लागू नहीं होता ?
(a) नि:शक्त बच्चे
(b)6 14 आयु वर्ग के बच्चे
(c) 14 18 वर्ष के आयु के बच्चे
(d) बच्चों की नियमित उपस्थिति

158. राष्ट्रीय पाठ्यचर्चा की रूपरेखा 2005 दस्तावेज में भाषा के लिए निहित है-
(a) एक भाषा
(b) द्वि भाषा
(c) तीन भाषा
(d) बहु भाषा

Knowledge Capsule

159. इनमें से कौन पाठ्यचर्चा (NCF) 2005 का मार्गदर्शी सिद्धान्त नहीं है ?
(a) ज्ञान को स्कूल के बाहरी जीवन से जोड़ना।
(b) पढ़ाई को रटन्त प्रणाली से मुक्त कराना।
(c) अंग्रेजी भाषा में शिक्षा देना।
(d) बच्चों को चहुमुखी विकास के अवसर उपलब्ध कराना।

160. तनाव और क्रोध की अवस्था है-
(a) शैशवावस्था
(b) किशोरावस्था
(c) बाल्यावस्था
(d) वृद्धावस्था

161. शर्म तथा गर्व जैसी भावना का विकास किस अवस्था में होता है-
(a) शैशवावस्था
(b) बाल्यावस्था
(c) किशोरावस्था
(d) वृद्धावस्था

162. मैक्ड्यूगल के अनुसार मूलप्रवृत्ति "जिज्ञासा" का सम्बन्ध संवेग कौन सा है-
(a) भय
(b) घृणा
(c) आश्चर्य
(d) भूख

163. पियाजे के संज्ञानात्मक विकास सिद्धान्त के अनुसार संवेदी-क्रियात्मक अवस्था होती है-
(a) जन्म से 2 वर्ष
(b) 2 से 7 वर्ष
(c) 7 से 11 वर्ष
(d) 11 से 16 वर्ष

164. विकास में वृद्धि से तात्पर्य है-
(a) ज्ञान में वृद्धि
(b) संवेग में वृद्धि
(c) वजन में वृद्धि
(d) आकार, सोच, समझ कौशलों में वृद्धि

165. बाल्य अवस्था होती है-
(a) पाँच वर्ष तक
(b) बारह वर्ष तक
(c) इक्कीस वर्ष तक
(d) कोई भी नहीं

166. शरीर के आकार में वृद्धि होती है क्योंकि -
(a) शारीरिक और गत्यात्मक विकास
(b) संवेगात्मक विकास
(c) संज्ञानात्मक विकास
(d) नैतिक विकास

167. शारीरिक विकास का क्षेत्र है-
(a) स्नायूमण्डल
(b) स्मृति
(c) अभिप्रेरणा
(d) समायोजन

168. वर्तमान में निःशक्त बच्चों की शिक्षा के लिए कहा गया है-
(a) समावेशी शिक्षा
(b) विशेष शिक्षा
(c) समेकित शिक्षा
(d) कोई नहीं।

169. व्यक्तित्व विकास की अवस्था है-
(a) अधिगम एवं वृद्धि
(b) व्यक्ति वृत अध्ययन
(c) उपचारात्मक अध्ययन
(d) इनमें से कोई नहीं।

170. यदि आपकी कक्षा का बच्चा 'C' को 'D' तथा 'D' को 'C' लिखे/पढ़े तो वह कौन से रोग से पीड़ित है-
(a) मलेरिया
(b) डिसलेक्सिया
(c) फाइलेरिया
(d) टायफाइड

171. दूसरे वर्ष के अंत तक शिशु का शब्द भण्डार हो जाता है-
(a) 100 शब्द
(b) 60 शब्द
(c) 50 शब्द
(d) 10 शब्द

172. आर.टी.ई. एक्ट 2009 के अनुसार प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों को प्रति सप्ताह कुल कितने घंटे की योजना बनाकर कार्य करना है ?
(a) 30 घंटे
(b) 45 घंटे
(c) 42 घंटे
(d) 50 घंटे

173. बच्चों की रुचि बनाये रखने के लिए आप कौनसी विधि का चयन करेंगे-
(a) बच्चों को पढ़कर आने कहेंगे और प्रश्न पूछेंगे।
(b) स्वयं गति विधि करेंगे तथा बच्चों को बतायेंगे।
(c) आप गति विधि में बच्चों को शामिल करेंगे।
(d) बच्चों को स्वयं गतिविधि करने के लिए देंगे।

174. व्यक्तित्व स्थाई समायोजन है-
(a) पर्यावरण के साथ
(b) जीवन के साथ
(c) प्रकृति के साथ
(d) उपरोक्त सभी

175. शैशवावस्था की मुख्य विशेषता क्या नहीं है ?
(a) सीखने की प्रक्रिया में तीव्रता
(b) जिज्ञासा की प्रवृत्ति
(c) अनुकरण द्वारा सीखने की प्रवृत्ति
(d) चिंतन प्रक्रिया

176. "सीखने के नियम" के प्रतिपादक हैं-
(a) फ्रायड
(b) स्किनर
(c) थार्नडाइक
(d) एडलर

177. पिछड़े बालक ऐसे बच्चे हैं-
(a) सीखने की गति धीमी हो।
(b) बुद्धि लब्धि स्तर 80-90
(c) मानसिक रूप से अस्वस्थ और असमायोजित व्यवहार।
(d) उपरोक्त सभी।

178. किस मनोवैज्ञानिक के अनुसार "विकास एक सतत् और धीमी धीमी प्रक्रिया है"-
(a) कोलेसनिक
(c) स्किनर
(b) पियाजे
(d) हरलॉक

Knowledge Capsule

179. संवेगों की उत्पत्ति होती है-

(a) मूल प्रवृत्ति

(b) गत्यात्मक क्रियाएँ

(c) पोषण

(d) इनमें से कोई नहीं।

180. मानसिक विकास को प्रभावित करने वाले कारक हैं-

(a) वंशानुक्रम

(b) परिवार का वातावरण

(c) परिवार की सामाजिक स्थिति

(d) उपरोक्त समस्त

Knowledge capsule